**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2036**
**दिनांक 30 जुलाई, 2026**

## रतलाम-झाबुआ-अलीराजपुर में पीएनजी और सीजीडी नेटवर्क

2036. **श्रीमती अनिता नागरसिंह चौहानः**

क्या ***पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मध्य प्रदेश के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र संख्या 24 (रतलाम-झाबुआ-अलीराजपुर) के अंतर्गत झाबुआ और अलीराजपुर जिलों में घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को पाइप के माध्यम से प्राकृतिक गैस (पीएनजी) प्रदान करने और सिटी गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क का विस्तार करने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना तैयार की गई है;

(ख) यदि हां, तो योजना के अंतर्गत शामिल उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों के जिला-वार नाम क्या हैं और वर्तमान में परियोजना में जिला-वार कितनी प्रगति हुई है;

(ग) गैस पाइपलाइन बिछाने, आवश्यक अवसंरचना विकसित करने और पात्र उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए संभावित समय-सीमा क्या है; और

(घ) क्या उक्त संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का कोई भाग अब तक योजना के अंतर्गत शामिल नहीं किया गया है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इसे यथाशीघ्र उक्त योजना के अंतर्गत शामिल करने के लिए सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (घ) पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करना और संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशनों की स्थापना करना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ घरेलू, वाणिज्यिक और औद्योगिक इकाइयों को पीएनजी की आपूर्ति और परिवहन क्षेत्र को सीएनजी की आपूर्ति के लिए पाइपलाइन अवसंरचना और अन्य सुविधाओं का निर्माण शामिल है, जिसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जा रहा है।

झाबुआ जिला, गुजरात गैस लिमिटेड को प्राधिकृत झाबुआ, बांसवाड़ा, रतलाम और डूंगरपुर जिलों के जीए का एक हिस्सा है। अलीराजपुर जिला, अडानी टोटल गैस लिमिटेड को प्राधिकृत अलीराजपुर, नंदुरबार और बड़वानी जिलों के जीए का एक हिस्सा है। सीजीडी अवसंरचना का कार्यान्वयन पीएनजीआरबी द्वारा प्रदत्त प्राधिकार और अनुमोदित परियोजना संबंधी कार्य योजना के अनुसार प्राधिकृत कंपनियों द्वारा किया जाता है। उपरोक्त जीए में सीजीडी नेटवर्क की जिला-वार प्रगति अनुलग्नक में दी गई है।

*****

**अनुलग्नक**

**'रतलाम-झाबुआ-अलीराजपुर में पीएनजी और सीजीडी नेटवर्क' के संबंध में दिनांक 30.07.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2036 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

| क्रम सं. | जीए आईडी | जीए का नाम | राज्य/केंद्र शासित प्रदेश | कवर किए गए जिले | प्राधिकृत संस्था का नाम | पीएनजी (डी) कनेक्शन | सीएनजी स्टेशन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 10.3 | झाबुआ , बांसवाड़ा , रतलाम और डूंगरपुर जिले | राजस्थान | बांसवाड़ा जिला | गुजरात गैस लिमिटेड | 632 | 8 |
| 2 | | | राजस्थान | डूंगरपुर जिला | | 0 | 8 |
| 3 | | | मध्य प्रदेश | झाबुआ जिला | | 0 | 8 |
| 4 | | | मध्य प्रदेश | रतलाम जिला | | 1,653 | 8 |
| 5 | 11.35 | अलीराजपुर नंदुरबार , और बड़वानी जिले | मध्य प्रदेश | अलीराजपुर जिला | अडानी टोटल गैस लिमिटेड | 0 | 3 |
| 6 | | | मध्य प्रदेश | बड़वानी जिला | | 283 | 10 |
| 7 | | | महाराष्ट्र | नंदुरबार जिला | | 0 | 5 |

(स्रोत: पीएनजीआरबी)

*****